आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :366 पृष्ठ -4 दिनांक 09 जनवरी 2025 दिन गुरूवार

# फिरोजाबाद के लिटिल इंटरनेशनल स्कूल के गोदाम में लगी भीषण आग

## लाखों का माल जलकर खाक

उत्तरप्रदेश फिरोजाबाद के थाना दक्षिण इलाके में स्टेशन रोड पर महात्मा गांधी कॉलेज के सामने लिटिल इंटरनेशनल स्कूल के गोदाम में आग लग गई. आग. जनी की इस घटना में लाखों रुपये के स्कूल स्टेशनरी यूनिफॉर्म समेत तमाम सामान जलकर राख हो गया. लिटिल इंटरनेशनल स्कूल के गोदाम से अचानक आज की लपटे उठने देख इलाके में हड़कंप मच गया. आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई. सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाने शुरू किया. आग इतनी भीषण थी कि मौके पर आधा दर्जन दमकल की गाड़ियां पहुंची और उन्होंने आग बुझाने शुरू किया. वहीं आग लगने की इस सूचना पर थाना दक्षिण पुलिस के साथ–साथ अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद और बव अतुल चौरसिया समेत अन्य थानों का फोर्स भी



मौके पर पहुंच गया. आग लगने की सूचना के बाद सदर विधायक मनीष असीजा भी मौके पर पहुंच गए. लिटिल इंटरनेशनल स्कूल के गोदाम बंद था. इस गोदाम में स्कूल का लाखों रुपए का स्टेशनरी और यूनिफॉर्म का सामान रखा हुआ था. घनी आबादी के बीच बना यह गोदाम भीषण आग में दहक उठा, गोदाम में लगी आग से आसपास के इलाके में भी हड़कंप मच गया. सूचना के बाद तत्काल थाना दक्षिण पुलिस के साथ–साथ फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई.स्थानीय लोगों ने आग बुझाने में की मदद मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई थी मौके पर पहुंची पुलिस ने ऐतिहातन आसपास के में लोगों का आवागमन बंद कर दिया. आग बुझाने में स्थानीय लोगों ने भी मदद की, करीब 2 घंटे से ज्यादा की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. क्षेत्रीय अग्निशमन अधिकारी सत्येंद्र पांडे अभी मौके पर पहुंच गए. क्षेत्रीय अग्निशमन अधिकारी सत्येंद्र पांडे ने बताया कि, आग संभवतः शॉर्ट सर्किट से लगी है गोदाम के कर्मच. ारियों द्वारा भी यही बताया जा रहा है. आग लगने की सूचना के बाद तत्काल प्रभाव से दमकल की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर भेज कर आज बुझाने का कार्य शुरू कर दिया गया था. फायरफाइटर में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है.

## सीएम योगी के साथ बैठक में क्या बोली गृह मंत्री अमित शाह




उत्तर प्रदेश में तीन नए कानूनों को लागू किए जाने के और उसके क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ समीक्षा की. इस बैठक में उत्तर प्रदेश में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई. बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, महानिदेशक, BPR&D और महानिदेशक NCRB सहित गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार के चीफ सेक्रेटरी मनोज सिंह भी अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. बैठक के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून दंड–केन्द्रित नहीं बल्कि पीड़ित–केन्द्रित हैं और इनका उद्देश्य त्वरित न्याय सुनिश्चित करना है. गृह मंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फरवरी माह में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा कर इन कानूनों को राज्य में पूरी तरह जल्द से जल्द लागू करने को कहा.तकनीक के उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि राज्य के हर जिले में एक से अधिक फॉरेन्सिक मोबाइल वैन उपलब्ध होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि फॉरेन्सिक विजिट के लिए टीमों को तीन श्रेणियों दृ गंभीर, सामान्य और अति सामान्य में विभाजित करना चाहिए, जिससे संसाधनों और विशेषज्ञों का बेहतर उपयोग किया जा सके और गंभीर मामलों को प्राथमिकता दी जा सके. अमित शाह ने कहा कि इस बात की नियमित और निरंतर मॉनिटरिंग होनी चाहिए कि दर्ज की गई कुल थ्श्े में से कितनी थ्श्े राज्यों को स्थानांतरित की गईं. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को हर 15 दिन में और मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करनी चाहिए.क्या बोली गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़ी आबादी वाले राज्य में नए आपराधिक कानूनों के शत–प्रतिशत क्रियान्वयन से पूरे देश में एक अच्छा संदेश जाएगा. उन्होंने इस बात पर बल दिया कि उत्तर प्रदेश के सातों कमिश्नरेट्स में 31 मार्च, 2025 तक नए आपराधिक कानूनों को पूरी किया जाए.

## बस्ती में नाबालिग बच्चे कर रहे स्मार्ट मीटर सर्वे का काम, बीजेपी नेताओं ने किया विरोध



बस्ती में भाजपाईयों ने जीनस कंपनी द्वारा नाबालिग बच्चों से सर्वे कार्य करायें जाने का मामला उठाया, भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा ने उपजिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंप शीघ्र कार. ्वाई का किया मांग है. एसडीएम हर्रैया को नायब तहसीलदार हर्रैया सदर शौकत अली के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपते हुए वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा ने बताया कि वर्तमान में विद्युत उपभोक्ताओं के पुराने मीटर को हटाकर स्मार्ट मीटर लगाने हेतु उपभोक्ताओं को जागरूक करने व सर्वे कार्य कराने का काम ळमदने मदमतहप्रपदह सपअमे कंपनी द्वारा कराया जा रहा है.बताया गया कि, हर्रैया कस्बे में पांच बच्चों की टीम सर्वे करते हुए तब दिखे जब इनका बजाज मोटरसाइकिल ऐजेंसी पर वाद विवाद चल रहा था. कारण ये बिना सूचना महिला कम्प्यूटर आपरेटर के पास पूछ. ताछ के लिए पहुंच गए थे. वहां पाया गया कि सर्वे कार्य कर रहे पांच नवयुवक जिसमें से तीन बच्चे नाबालिग थे जिन्होंने नाम पता पूंछने पर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया. जिस पर सुदामा पाण्डेय ने इसका विरोध किया और कहा कि कम्पनी द्वारा सर्वे कार्य में नाबालिग बच्चों का प्रयोग बाल श्रम उन्मूलन के विरुद्ध है. इतना ही नहीं इन बच्चों के पास न तो कम्पनी का कोई कार्ड है न ही आधार कार्ड है ऐसे में जहां इनके द्वारा सर्वे कार्य कराया जाना गलत है.कंपनी पर कार्रवाई की मांग भाजपा नेताओं ने कहा कि, किसी अप्रिय घटना के घटित होने की भी संभावना हो सकती है, इस तरह किसी के भी मकान दुकान में कभी भी नवयुवकों की टीम घुस कर किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकती हैं. आज जब क्षेत्र में बच्चियां फैमिली होटल में परिजनों के साथ सुरक्षित नहीं है. वहां अपराधियों की पहचान नहीं हो पा रही है तो ऐसी घटनाओं की पहचान कैसी होगी. मांग किया कि, नाबालिग बच्चों से सर्वे कार्य करायें जाने पर रोक लगाते हुए उक्त कम्पनी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सु. निश्चित किया जाये. साथ ही इन बच्चों की पहचान कर इन्हें सख्त हिदायत दिया जाये कि बिना किसी आईडी को दिखाये या बिना सूचना दिए किसी के मकान दुकान में प्रवेश न करें. वही हरैया बिजली विभाग के अधिकारियों का इस मामले पर कहना है कि संबंधित कंपनी से बात की जाएगी. साथ ही उन्हें सख्त हिदायत दी जाएगी कि की मीटर सर्वे का काम प्रशिक्षित लोग ही करे. इसके अलावा मीटर सर्वे के काम में लगे प्रत्येक एम्पलाई के पास का कार्ड होने भी अनिवार्य है.

## यूपी के इन शहरों में 6 साल में 27 फीसदी तक कम हुआ प्रदूषण

भारतीय शहरों में 2019 से 2024 तक पीएम 2.5 प्रदूषण के स्तर में औसतन 27 प्रतिशत की कमी आई है, जिनमें से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत आने वाले शहरों में 24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है. एक नयी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. जलवायु प्रौद्योगिकी कंपनी 'रेस्पिरर लिविंग साइंसेज' की रिपोर्ट के अनुसार, वाराणसी और मुरादाबाद में पीएम 2.5 का स्तर क्रमशः 76 प्रतिशत और 58 प्रतिशत कम हुआ.इनके अलावा कलबुर्गी (57.2 प्रतिशत), मेरठ (57.1 प्रतिशत), कटनी (56.3 प्रतिशत), आगरा (54.1 प्रतिशत), बागपत (53.3 प्रतिशत), कानपुर (51.2 प्रतिशत) और जोधपुर (50.5 प्रतिशत) में भी प्रदूषण में कमी देखी गई. रिपोर्ट के अनुसार, ''जिन शहरों पर नजर रखी गई, उन सभी में 2019 से पीएम 2.5 के स्तर में 27 प्रतिशत की गिरावट के साथ वायु गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है. एनसीएपी (राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम) शहरों में 24 प्रतिशत की कमी आई है, जो वायु प्रदूषण से निपटने में प्रगति दर्शाता है.''इन सुधारों के बावजूद कई शहर अत्यधिक प्रदूषित बने हुए हैं. दिल्ली में 2024 में पीएम 2.5 का स्तर 107 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर दर्ज किया गया था जबकि असम के बर्नीहाट में यह 127.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया. अन्य अत्यधिक प्रदूषित शहरों में गुरुग्राम (96.7 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर), फरीदाबाद (87.1 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर), श्री गंगानगर (85.5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर) और ग्रेटर नोएडा (83.9 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर) शामिल हैं.सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में मुजफ्फरनगर (83.2 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर), दुर्गापुर (82.0 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर), आसनसोल (80.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) और गाजियाबाद (79.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) भी शामिल हैं. 'रेस्पिरर लिविंग साइंसेज' के संस्थापक रौनक सुतारिया ने कहा, ''भारत की वायु गुणवत्ता आशा और सावधानी दोनों की कहानी है.''उन्होंने कहा, ''वाराणसी जैसे शहरों ने 76.4 प्रतिशत की कमी के साथ उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, लेकिन दिल्ली–एनसीआर, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश सहित उत्तरी क्षेत्रों में प्रदूषण की स्थिति गंभीर बनी हुई है.'' भारत ने 2019 में एनसीएपी की शुरुआत की थी, जिसका लक्ष्य 2017 को आधार वर्ष मानकर 2024 तक पीएम 2.5 प्रदूषण में 20–30 प्रतिशत की कमी लाना था. बाद में लक्ष्य को संशोधित कर 2026 तक 40 प्रतिशत की कमी कर दिया गया. इसका आधार वर्ष 2019–20 था.

## अचानक ब्रेक से रुके ट्रक में घुसा कैंटर, एक की मौत

**जननायक सम्राट/संवावदाता डॉ आसिफ सिद्दीकी** डिडौली (अमरोहा)। हाईवे पर आगे चल रहे ट्रक चालक के इमरजेंसी ब्रेक लगाने पर पीछे चल रहा खल से भरा कैंटर उसमें घुस गया। हादसे में कैंटर मालिक नईम अहमद (36) की मौत हो गई, जबकि हेल्पर विपिन घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लियाहै। कैंटर मालिक नईम अहमद डिडौली क्षेत्र के श्यामपुर गांव के रहने वाले थे। परिवार में पत्नी रिहाना व छह बच्चे हैं। नईम के पिता मुंशाद अली भी वाहन चलाते हैं। तीन भाइयों में मझले नईम अहमद मालिक होने के साथ खुद कैंटर चलाते थे। पुलिस के मुताबिक सोमवार को नईम अहमद कैंटर में खल भरकर हसनपुर जा रहे थे।रातकरीब 12 बजे कैंटर डिडौली क्षेत्र में हाईवे स्थित एक कॉलेज के सामने पहुंचा, तो एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस पर कार के पीछे चल रहे ट्रक के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। जिस पर ट्रक के पीछे चल रहा कैंटर उसमें घुस गया। हादसे में कैंटर मालिक नईम अहमद की मौत हो गई। जबकि, हेल्पर विपिन निवासी नवादा जोया घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक के परि. जनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हाईवे पर लगा लंबा जाम सोमवार रात करीब 12 आगे चल रहे ट्रक में कैंटर घुसने के बाद हाईवे पर जाम लग गया। मुरादाबाद से दिल्ली लेन पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। इस दौरान राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।कार के अनियंत्रित होने से हुआ हादसा पुलिस के मुताबिक हादसे की मुख्य वजह कार रही है। हाईवे पर वाहन आगे–पीछे चल रहे थे। आगे चल रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे उसके पीछे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। लेकिन, ट्रक के पीछे कैंटर आ रहा था, जिसे नईम अहमद चला रहे थे। नईम अहमद कैंटर के ब्रेक नहीं लगा पाए और वह पीछे से ट्रक में घुस गए। जिस कारण नईम मोहम्मद की मौत हो गई, जबकि कार को संभल के रहने वाले ब्रजपाल सिंह चला रहे थे। इस दौरान वह मुरादाबाद से सैदनगली जा रहे थे। हादसे में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

## यूपी में देर रात चली तबादला एक्सप्रेस, 14 IPS को मिली नई तैनाती, 17 अफसरों का ट्रांसफर

उत्तर प्रदेश में बड़े स्तर पर पुलिस प्रशासन में फेरबदल किया गया है. जिसके तहत 17 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं तो वहीं नए साल पर प्रमोशन पाने वाले 14 अधिकारियों को तैनाती मिल गई है. प्रमा. `शन पाने वाले अधिकारी यथावत ही बने रहेंगे. यानी वर्तमान समय में जहां उनकी तैनाती थी उन अधिकारियों को वहीं प्रमोट किया गया है. जिन अधिकारियों को नए साल पर प्रमोशन दिया गया है. उनमें आईपीएस समीर सौरभ को प्रयागराज का पुलिस अधीक्षक सीबीसीआईडी बनाया गया है. अपर पुलिस अधीक्षक लखनऊ मो. इरफान अंसारी अब पुलिस अधीक्षक लखनऊ की जिम्मेदारी संभालेंगे. आईपीएस रश्मि रानी को अपर पुलिस अधीक्षक से पुलिस अधीक्षक अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ में तैनाती दी गई है. श्री लक्ष्मी निवास मिश्रा पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण लखनऊ, राजेश कुमार श्रीवास्तव को पुलिस अधीक्षक, पुलिस मुख्यालय लखनऊ में नई तैनाती दी गई है, इनके अलावा 17 प्चै अधिकारियों का तबादला किया गया है. ट्रांसफर सूची के मुताबिक एसपी सोमेन वर्मा को एसपी मिर्जापुर बनाए गए हैं. संकल्प शर्मा लखीमपुर खीरी के नए कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे. कुंवर अनुपम सिंह, पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर, गणेश प्रसाद साहा पुलिस अधीक्षक मैनपुरी, अभिनंदन पुलिस अधीक्षक बस्ती, एसपी विनोद कुमार को कन्नौज का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है.

# गणतंत्र दिवस को लेकर अमांपुर के स्कूलों में अभ्यास कर रहे विधार्थी

# अमांपुर में गणतंत्र दिवस को लेकर उत्साह, तैयारियां शुरू

जननायकसम्राट/संवावदाता अमित कुमार अमांपुर। 26 जनवरी को मानए जाने वाले राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की चहल कदमी अब नजर आने लगी है। पर्व के दौरान स्कूल स्तर पर होने वाले आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। कस्बा के बैकुंठी देवी राष्ट्रीय शिशु सदन व कोमल प्रसाद उच्च प्राथमिक विद्यालय में विधार्थी बैंडबाजों के साथ 26 जनवरी को लेकर अभ्यास कर रहे है। ऐसे में गणतंत्र दिवस पर सरकारी कार्यालय, स्कूलों और निजी संस्थानों में होने वाले कार्यक्रमों में लोगों की भागेदारी बढ़ेगी। बाजार में दुकानों पर तिरंगे सजने लगे हैं। इस अवसर पर सभी स्कूलों, महाविद्यालयों में तरह–तरह के कार्यक्रमों की प्रस्तुति करने के लिए




कैमरामैन :इंद्रपाल

शिक्षकों द्वारा बच्चों की तैयारीजोरों–शोरों से चल रही है। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रोज परेड, डांस, भक्ति गीत, नाटक, भाषण, बैंडबाजों, घोंष, सहित राष्ट्रीय गीत वाले कार्यक्रमों सहित अन्य विधाओं पर अपनी रिहर्सल कर रहे है। सरकारी व निजी स्कूलों के कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चों ने मंगलवार को कड़ाके की ठंड और खराब मौसम के बावजूद देशभक्ति का जज्बा व जुनून के बीच में अभ्यास कर जमकर पसीना बहाना

## समाजवादी वादी पार्टी ने की मासिक बैठक आयोजित

जननायकसम्राट/संवावदाता अमित कुमार कासगंज। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक आवास विकास कॉलोनी कैंप कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विक्रम यादव ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी 27 जनवरी से पूरे जनपद में सभी सेक्टर और बूथों पर पीडीए कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिसमें वर्तमान सरकार द्वारा की जा रही, पिछड़े दलित अल्पसंख्यक और किसानों के साथ की जानकारी गांव–गांव देगी। विक्रम यादव ने कहा कि वर्तमान समय में बीजेपी सरकार के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जो बाबा साहब के अपमान में संसद में जो शब्द कहे और बीजेपी सरकार द्वारा सभी संवैधानिक संस्थाओं के साथ उनके अधिकारों का खिलवाड़ किया जा रहा है, उसके खिलाफ गांव–गांव अलग जगाने का काम करेगी। बैठक में पटियाली की विधायक नादिरा सुल्तान ने कहा कि पीडीए कार्यक्रम में वह पटियाली के सभी गांव में जाकर जनता को जगाने का काम करेंगी। जिला महासचिव विनय कुशवाहा ने कहा कि किसानों को डीएपी और सुविधाओं से वंचित किया गया




कैमरामैन /इंद्रपाल

69000 शिक्षक भर्ती में जो पिछड़ों के हकों की बेईमानी की गई तथा प्रदेश में जो भ्रष्टाचार अराजकता और पुलिस तंत्र जो हावी है, उसके खिलाफ जनता को जागृत करने के काम करेंगे। वहीं पूर्व विधायक हजरतुल्लाह शेरवानी ने कहा कि अब समय आ गया है प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से पूरी तरह त्रस्त है और पूरी जनता समाजवादी पार्टी की ओर निहार रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने कहा कि हम सबको गांव जाकर जनता को जगाने का काम करना है और आने वाले समय में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का प्रयास करना है।

कार्यक्रम में प्रदेश सचिव प्रवेंद्र राणा, सत्तन शाक्य, रफत मुनीर, मारूफ कुरैशी, मुनेंद्र शाक्य, विनोद बघेल, दिनेश शाक्य, राजकुमार कंडेरे, इतवारी लाल, मुनीर विशाल कश्यप, जगदीश प्रसाद, अभय यादव, प्रांजल यादव, केपी सिंह यादव, सोनू पुंडीर, कैलाश पुंडीर, इतवारी लाल, प्रमोद यादव, उमेश चंद्र, चाहत मियां, अभय राज, गौरव मिश्रा, गिरीश यादव, रीना वर्मा, अनु यादव, रिंकू महाजन, शैलेंद्र वाल्मीकि, अशहबा हुसैन, पुस्पेंद्र यादव, लक्ष्मण यादव, संजय यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## विहिप व बजरंग दल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जननायक सम्राट संवावदाता अमित कुमार कासगंज। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल पदाधिकारियों ने सोरों नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार के संबध में 18 सूत्रीय एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। जिलाधिकारी मेधा रूपम को दिये ज्ञापन में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल पदाधिकारियों ने बताया है कि सोरों नगर पालिका भ्रष्टाचार पूरी तरह से व्याप्त है। उन्होने जिलाधिकारी से मांग की है कि सोरों में रत्नावली बारात घर की फाइल की 2023 तक था, लेकिन 2028 तक कैसे हुआ। कासगंज गेट से पुरानी बैंक ऑफ बडौदा सड़क निर्माण गुणवत्ता की जाँच की जाये। मेला ग्राउण्ड में नरसींग गेट के नजदीक सुलभ शौचालय जिसका पिछली बार ठेका वोली लगाकर 4 लाख 20 हजार का हुआ। अब कितने का ठेका हुआ है। तथा किसके नाम ठेका हुआ, जांच की जाये। नगर पालिका प्रांतीय मेला के नाम पर कितना रूपया आया सरकार द्वारा कितना कितना कहाँ लगा उसका ब्यौरा दें। कैश बुक का निरीक्षण किया जाये। वराह गेस्ट हाऊस का ठेका ई–टेण्डर द्वारा किया विगत वर्ष इसमें पिछली बार कितना रूपया जमा हुआ व कितने लाख का ई–टेण्डर हुआ। सब्जी मण्डी शौचालय किसके नाम पर ठेका हुआ व किसके नाम पर है, जांच की जाये। 2024 व 2025 स्ट्रीट लाइटे किस



फर्म से आयी कितनी लगाई गयी लॉकेशन सहित फोटो। गंगा बाराह द्वार व द्वारिकाधीश का नाम हटाकर रामेश्वर दयाल महेरे द्वार को कैसे लिखा गया उसकी फाइल की जांच की जाये। जयप्रकाश दुवे फोर्थ क्लास कर्मचारी से प्रधान लिपिक बड़े बाबू कैसे बनाया गया प्रमोशन कैसे हुआ प्रधान लिपिक बनने लायक क्वालिफिकेशन नही है, इसकी जांच कराई जाये। मेले की पुताईपिछली वर्ष 3 लाख रूपये के लगभग हुआ वर्ष 2024 में मेले की पुताई 10 लाख 84 लाख कैसे जाँच कराई जाये। नगर पा. लिका के डीजल व पेट्रोल की जाँच कराई जाये। नगर पालिका परिषद लिस्ट में आउट सोरसिंग कर्मचारी की जांच की जाये, सरकारी सफाई कर्मी की यूनीफोर्म किस फर्म से खरीदी जाती है। कितने कि खरीदी जाती है, इसके ब्यौरा की जांच की जाये। मेला मार्गशीर्ष में लाइट व जमीन का ठेका लाइट का ठेका 8 लाख 80 हजार जमीन का ठेका 72 लाख 72 हजार रूपये में हुआ था। जिसमें कितना रूपया जमा हुआ व जीएसटी का कितना रूपया जमा हुआ। गौशाला में एक वर्ष में कितना चारा खतम होता है उसका ब्यौरा दें। सेठ जमाल के नजदीक बना वरात जिसकी सलाना आय कितनी है। नगर पालिका परिषद में पूर्व में लगे एसी, कूलर, पंखे व वैटरी सोलर पिलेटे कहा गयी इसकी जांच की जाये। ज्ञापन देने वालों में जिला गौरक्षा प्रमुख राज वैभव महेरे, गो. विंद महेरे, गोविंद तिवारी, आकाश कुमार, शिवम, विष्णू, लोकेश, गौरव, आशीष, रा. जवीर, योगेश, राकेश सहित अनेकों विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कासगंज जिला कलेक्ट्रेट पर मंगलवार को जिले के पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुई पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया

कासगंज जिला कलेक्ट्रेट पर मंगलवार को जिले के पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुई पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन के बाद कासगंज प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी मेधा रुपम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें पत्रकार की हत्या करने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई, और परिवार को एक करोड़ मुआवजा देने की बात कही गई है।बता दें कि, मंगलवार को कासगंज प्रेस क्लब के बैनर तले पत्रकार जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुई पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या पर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पत्रकार एकता जिंदाबाद के नारे लगाए।इस दौरान मृतक पत्रकार के परि. जनों को एक करोड़ की सहायता प्रदान करने की



राष्ट्रपति से मांग की। सुरक्षा कानून को तत्काल लागू करने की भी मांग की गई। जिले में पत्रकारों पर हो रहे हमले और पुलिस की लापरवाही की भी बात कही इस पर सभी प्रदेशों के डीजीपी को सरकार पत्रकारों के उत्पीड़न रोकने के लिए आदेश करें। जिससे पत्रकारों पर हमले बंद हो सके।

## एटा जिले में जलेसर से निधौली जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से खराब हो चुका

एटा जिले में जलेसर से निधौली जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से खराब हो चुका है। सड़क पर चार–चार फुट गहरे गड्ढे बन गए हैं। जिससे यह सड़क जानलेवा साबित हो रही है। स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन को लिखित और मौखिक रूप से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।भाजपा नेता श्याम वीर सिंह ने कहा कि एटा अब षाड्डा मुक्तष नहीं, बल्कि षाड्डा युक्तष बन चुका है। नौखेड़ा और रेजुआ के पास बड़े–बड़े गड्ढे किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं। जिला प्रशासन को कई बार सूचित किया गया, लेकिन सड़क की हालत खराब होती जा रही है।स्थानीय लोगों ने चक्का जाम की चेतावनी दीभारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि प्रशासन को बार–बार इस समस्या की जानकारी देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 2017 में शुरू किए गए षाड्डा मुक्त प्रदेशष अभियान की सफलता पर अब सवाल उठ रहे हैं।इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि यह सड़क पीडब्ल्यूडी के तहत नहीं आती, बल्कि नेशनल हाईवे का हिस्सा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के रवैये से नाराज होकर चक्का जाम की चेतावनी दी है।

## गृह क्लेश में युवती ने फांसी के फंदे पर लटकर की आत्महत्या

जननायक सम्राट/संवावदाता अमित कुमार कासगंज। पटियाली थाना क्षेत्र में गृह क्लेश के चलते एक युवती द्वारा अपने ही घर में फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।बताया जाता है कि पटियाली थाना क्षेत्र के गांव नगला मानसी निवासी प्रीती पुत्री कले. क्टर सिंह का अपने परिजनों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके चलते परिजनों ने उसे डांट दिया।जिससे छुब्द होकर प्रीती ने अपने कमरे मेंजाकर पंखे पर फांसी का फंदा लगाकआत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने प्रीती के शव को फंदे से लटकते देखा, तो घर मेंचीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रीती के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम



कैमरामैन इंद्रपाल

के लिये भेज दिया है। वहीं पटियाली थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया मृत्यु का सही कारण जानने के लिये युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बिना परमीशन प्रतिबंधित लकड़ी के खुले आम सड़कों पर दौड़ाते वाहन जान बूझ कर मौन बैठे जिम्मेदार, लकड़ी माफियाओं की चांदी

जननायक सम्राट/संवावदाता अमित कुमार कासगंज। जनपद में लकड़ी के वाहन सड़कों पर खुले आम दौड़ते नजर आते है वहीं दूसरी ओर प्रतिबंधित लकड़ी का कटान जोरों पर है । जहां अवैध तरीके से लकड़ी माफिया प्रतिबंधित लकड़ी का कटान कर खुले आम तस्करी कर रहे हैं । गत वर्ष जनपद में लगभग एक तिहाई पेड़ इन लकड़ी माफियाओं की तस्करी की भेंट चढ़ गए है । अक्सर सूचनाओं और शिकायतों के बाद नाम मात्र कार्यवाही की गई जिससे माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए । आज एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां जनपद के ही सहावर गंजडुंडवारा मार्ग पर स्तिथ मुलायम सिंह इंटर कालेज के पीछे डॉक्टर काले के बाग में पिछले कई दिनों से कटान की जानकारी प्राप्त हो रही है और सुबह अंधेरे ही दो से तीन पेड़ों का कटान कर सुबह दस बजे तक सूपड़ा साफ कर दिया जाता है और अवशेषों को हटा और मिट्टी मेंदबा मिटा दिया जाता है इस प्रकार लगभग 25 पेड़ काटे जा चुके है जिसकी जानकारी वनविभाग कर्मियों को है ऐसा लोगों का कहना है लेकिन शोचनीय विषय यह है कि अब तक न इस पर कोई कार्यवाही की गई ना ही रोक लगाई गई है । जब इस बारे में श्रेष्ठ गौतम प्रभारी वन रक्षक से जानकारी लेने का प्रयास किया तो फोन ही नहीं उठा , बाद में जब रेंज अधिकारी सहावर विनय कुमार से जब बात की गई तो उन्होंने जानकारी न होना बताया और तुरंत कार्यबाही करने का आश्वाशन दिया लेकिन जब प्रभागीय वनाधिकारी कासगंज से संपर्क करने का प्रयास किया तो पहले पहल मीटिंग में सम्मिलित होना बताया और संपर्क नहीं हो पाया बाद में जब फोन द्वारा संपर्क करने का प्रयास किया तो फोन ही नहीं उठा।



कैमरामैन इंद्रपाल

## कासगंज में सोरों-अलीगंज हाईवे पर बदहाल सड़क की समस्या को लेकर बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने धरना प्रदर्शन किया

कासगंज में सोरों–अलीगंज हाईवे पर बदहाल सड़क की समस्या को लेकर बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने धरना प्रदर्शन कियाकासगंज में सोरों–अलीगंज हाईवे पर बदहाल सड़क की समस्या को लेकर बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन गंजडुंडवारा के पास सबीना कंपलेक्स के निकट उस स्थान पर हुआ, जहां सड़क धंसने और पानी भरने की समस्या ने स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।प्रदर्शन के दौरान सपा प्रवक्ता ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा, ष्यह सड़क जनता के लिए मुसीबत बन चुकी है। जल निगम द्वारा पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क धंस गई, जिससे यहां हर बारिश के बाद पानी भर जाता है। यह गड्ढा दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है।ष्सपा प्रवक्ता ने पीडब्ल्यूडी और जल निगम को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा, ष्यह रोड पीडब्ल्यूडी के वर्ल्ड बैंक खंड के अंतर्गत आती है। जल निगम ने पाइप बिछाने का काम किया, लेकिन मरम्मत की जिम्मेदारी निभाना भूल गए। अगर दोनों विभाग समन्वय करके इस सड़क की मरम्मत कर दें, तो जनता को बड़ी राहत मिल सकती है।ष्जल्द कार्रवाई की मांग धरना प्रदर्शन के जरिए अब्दुल हफीज गांधी ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो समा. जवादी पार्टी इसे एक बड़े आंदोलन का रूप देगी।

# तालाब के नाम पर करोड़ों की मिट्टी डकार गए अफसर

## अलीगढ़. उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में नगर निगम ने तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों की हेराफेरी

अलीगढ़. उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में नगर निगम ने तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों की हेराफेरी हो गई. बिना खाना विभाग से अनुमति लिए है नगर निगम के अफसर ने तालाब की 30 फीट गहरी खुदाई कर दी. आरोप है कि खुदाई के बाद निकली करोड़ों की मिट्टी का गबन कर दिया गया. मिट्टी कहां सप्लाई की गई इसका भी कोई अता–पता नहीं है. मामला सामने आने के बाद नगर आयुक्त विनोद कुमार ने दो सदस्यीय टीम बनाकर जांच के आदेश दिए हैं.अलीगढ़ नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों का एक नया कारनामा सामने आया है, जहां महानगर के बीचो–बीच स्थित गूलर रोड स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण करने के नाम पर मानकों के विपरीत खुदाई कर मिट्टी की चोरी की गई. नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से तालाब को 30 से 35 फीट गहरा खोद दिया गया. तालाब की खुदाई से निकली करोड़ों रुपए की



–अलीगढ़ नगर निगम में करोड़ों की मिट्टी घोटाला आया सामने
– तालाब खुदाई के नाम पर करोड़ों की मिट्टी की हुई हेराफेरी
– बीजेपी पार्षदों ने उठाया मुद्दा तो नगर आयुक्त ने बैठाई जांच

अगर 2 मीटर से ज्यादा का खनन किया जाएगा तो उस पर जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है. लेकिन यहां तो मिट्टी को गायब करने वाले ही सरकारी महकमे से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी हैं.गूलर रोड पर तालाब से सरकारी मिट्टी को गायब करने का मामला नगर निगम बोर्ड अधिवेशन की बैठक में भाजपा पार्षदों द्वारा उठाया गया. भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों ने सौंदर्यीकरणके नाम पर मानकों के विरुद्ध 30 से 35 फुट गहरी मिट्टी खोद कर घोटाला किया है. भाजपा पार्षदों द्वारा लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त विनोद कुमार सोनकर ने दो सदस्यीय जांच टीम गठित की है. टीम एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी. मिट्टी के उपयोग और दुरुपयोग की जांच के तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी.7 दिन में देनी होगी जांच रिपोर्ट नगर आयुक्त विनोद कुमार सोनकर ने बताया उनको गत 3 जनवरी को गूलर रोड तालाब से मिट्टी खोदे जाने व उसके उपयोग दुरुपयोग के आरोप की जानकारी हुई है. इस संबंध में उन्होंने निगम अधिकारियों की दो सदस्यीय टीम गठित कर 7 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं. जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उधर गूलर रोड तालाब के पास रहने वाले प्रमोद कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि यहां तालाब की काफी गहरी खुदाई करने के साथ हजारों ट्रैक्टर मिट्टी निकाली गई है. लेकिन यह पता नहीं है कि मिट्टी कहां जा रही है. इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए.

## अलीगढ़ मेटल मर्चेंट एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव अलोह धातु विक्रेता संघ . दिवस के रूप में मनाया गया

अलीगढ़ मेटल मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री संजय कुमार वार्ष्णेय की अध्यक्षता में वार्षिक कार्यक्रम में अलोह धातु विक्रेता संघ दिवस के रूप में मनाया जिसमें कि बालाजी भजन संध्या का कार्यक्रम रघुनाथ पैलेस जीटी रोड़ अलीगढ़ पर कराया गया संस्था के सभी संरक्षक श्री नवीन चंद,श्री अशोक कुमार वार्ष्णेय,श्री जगदीश प्रसाद कसेरे,श्री संतोष कुमार एवं श्री सुरेन्द्र कुमार ने और अशोक मामाजी बालाजी दरबार व श्री ओ पी राठी ने दीपक जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत कीध्बालाजी भजन संध्या में दरबार के आए हुए अमर ने बहुत ही अच्छे भजन गाए और सभी उप. स्थित लोगों ने भजनों का आनंद लिया आज के कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री सतीश माहेश्वरी,महामंत्री घनश्याम दास जैन और कोषाध्यक्ष श्री किशन गुप्ता भी शामिल रहेआज के कार्यक्रम में संतोष कुमार कनिष्ठ उपाध्यक्ष,अश्वनी वार्ष्णेय महामंत्री,आशीष गोयल कोषाध्यक्ष, हिरदेश गुप्ता,सुशील कुमार गुप्ता,सुमित कुमार,रोहित कुमार,पीयूष वार्ष्णेय,जगजीवन गुप्ता,और नरेश कामाख्या उपस्थित रहे।

## माह जनवरी से मार्च तक चिन्हित ग्राम पंचायतों में . लगेंगी ग्राम चौपाल

अलीगढ़ मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वारा सभी विकासखण्डों की चिन्हित ग्राम पंचायतों में माह जनवरी से मार्च तक विभिन्न तिथियों में लगने वाली श्ग्राम चौपालश्श का रोस्टर जारी किया गया है। उन्होंने ग्राम चौपाल के सफल आयोजन के लिए डीडीओ एवं पीडी डीआरडीए को नोडल अधिकारी नामित करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित बीडीओ को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में चिन्हित ग्रामों में चौपाल का आयोजन कराते हुए सूचना रूरल सॉफ्टवेयर पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 जनवरी को ब्लॉक बिजौली के ग्राम पीढ़ौल महमूदपुर एवं पीपली, टप्पल के ग्राम आदमपुर एवं भौजाका, इगलास के ग्राम मौहकमपुर एवं भीलपुर, जवां के ग्राम पोखरगढ़ी एवं पिलौना, खैर के ग्राम राजपुर एवं अर्राना, अकराबाद के ग्राम भीमपुर हरीपुर एवं गांगरौल, चण्डौस के ग्राम बाहरपुर एवं उदयपुर, गंगीरी के ग्राम सिंहावली एवं निनामई ओजीपुर, धनीपुर के ग्राम हाजीपुर एवं दिहौली, गोंडा के ग्राम मदहौरा एवं तलेसरा, लोधा के ग्राम डिग्सी एवं मनोहरपुर कायस्थ, अतरौली के ग्राम सूरजपुर एवं धुर्रा प्रेमनगर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

## शीतलहर के दृष्टिगत राहत कार्य में जुटे सिविल डिफेंस नागरिक सुरक्षा कोर के जवान

अलीगढ़। शीत लहर के दृष्टि गत बढ़ते हुए प्रकोप को देखते हुए अपर जिलाधिकारी नगर महोदय एवं प्रभारी अधिकारी नागरिक सुरक्षा कोर के आद. `शानुसार एवं उपनियंत्रक महोदय श्री मुनेश कुमार गुप्ता तथा वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक महोदया श्रीमती संगीता त्रिपाठी नागरिक सुरक्षा कोर अलीगढ़ के निर्देशन में और प्रभारी निरीक्षक महोदय नागरिक सुरक्षा कोर अलीगढ़ श्री चंद्रपाल सिंह ( सी 0 पी 0 सिंह) की उपस्थिति में नागरिक सुरक्षा कोर अलीगढ़ के सेक्टर वार्डन जवानों की ड्यूटी 04 जनवरी 2025 से 15 जनवरी तक नामित तीन केंद्र बनाए गए हैं (1) सासनी गेट चौराहा नोडल अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट नगर महोदय (२) केंद्र गांधी पार्क पुराना बस अड्डा नोडल अधिकारी अपर नगर मजिस्टेट द्वितीय ( 3) केंद्र स बी ई नौरंगी लाल इण्टर कालेज पर बने रैन बसेरा में शीत लहर से पीड़ित व्यक्ति फुटपाथ पर ना सोए आदि कोई व्यक्ति पाया जाता है तो उसकी सूचना संबंधित नोडल अधिकारी को तत्काल देंगे और जहां लकड़ी के अलओ जलना निर्धारित स्थान चिन्हित



किए हैं वहां लकड़ी के अलओ जलते हुए नहीं पाए गए तो उसकी सूचना संबंधित नोडल अधिकारी को देनी है तथा प्रत्येक नोडल अधिकारी के साथ नागरिक सुरक्षा कोर के 10 जवान तैनात किए गए हैं ड्यूटी समय रात्रि 8रू00 बजे से रात्रि 12रू00 बजे तक का है

## अलीगढ़ में सर्दी के मौसम में भयंकर शीतलहर चल रही है

अलीगढ़: सर्दी के मौसम में भयंकर शीतलहर चल रही है जिसके चलते गरीब बेसहारा लोगों व उन मजदूरों जोकि अपने घर वापस नहीं जा पाते हैं को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है इन दुखी लोगों की पीड़ा को देखते हुए आज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी विवेक बंसल ने कांग्रेसजनों के साथ मिलकर रामघाट रोड स्थित किशनपुर क्षेत्र व हमदर्द नगर क्षेत्र में रिक्शा चालकों व गरीब मजदूरों के लिए अलाव जलवाए जिससे उनको इस भीषण ठण्ड से कुछ राहत मिल सके इस अवर पर उपस्थित प्रमुख कांग्रेसजनों पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल, रामेश्वर दयाल



सविता, अंकित यादव, अमजद हुसैन, कुतुब खान, नबी अहमद, मोहम्मद मंसूर, शहजाद दीवानजी, अकील अहमद कस्सार, अफजाल खान, कमरान अब्बासी, शमीम अहमद आदि के साथ अन्य लोग भी उपस्थित थे ।

## अन्य पिछडे वर्ग के पात्र व्यक्ति शादी अनुदान योजनान्तर्गत करें आवेदन

अलीगढ़ जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा अन्य पिछडे वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन के संबंध में नवीन दिशा निर्देश दिये गये हैं। योजना के तहत प्रति लाभार्थी 20 हजार रूपये लाभार्थी बैंक खाते में विभाग द्वारा पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रेषित की जाती है।उन्होंने नवीन दिशा–निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक के पास ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपना आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते की पासबुक (जिसमें पूर्ण विवरण हों), शादी का कार्ड होना आवश्यक है। आवेदक की आय शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख रूपये प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। उन्होंने बताया कि योजना में विधवा एवं दिव्यांग आवेदकों की वरीयता प्रदान की जायेगी। आवेदन केवल शादी के दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक ही स्वीकार्य है किन्तु उक्त अवधि की गणना वित्तीय वर्ष अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होनी चाहिये।उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के जातियों की सूची में सम्मिलित अल्पसंख्यक वर्ग से सम्बन्धित जातियों एवं वर्ग के आवेदक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से अनुदान के लिए पात्र नहीं हैं। विवाह के लिए किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान अनुमन्य है। वित्तीय वर्ष समाप्ति के उपरान्त विगत वित्तीय वर्ष की कोई भी मांग अगले वित्तीय वर्ष में अग्रेणीत नहीं की जाएगी। शादी अनुदान योजना से सम्बन्धित विस्तृत दिशा–निर्देश बेबसाइट Shadianudan-upsdc-gov-पद पर प्रदर्शित है। अन्य किसी जानकारी के लिए विकास भवन स्थित जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

## एएमयू की रिटायर्ड प्रोफेसर डिजिटल अरेस्ट, 75 लाख ठगने वाला बिहार के पटना से गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में एएमयू की सेवानिवृत्त महिला प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर 75 लाख रुपये की ऑनलाइन साइबर ठगी करने वाले गिरोह के शातिर सदस्य को अलीगढ़ साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साइबर ठगों ने 11 अक्टूबर 2024 को सिविल लाइंस निवासी 81 वर्षीय वृद्ध महिला प्रोफेसर को डरा धमकाकर अलग–अलग बैंक खातों में पैसा ट्रांसफर कराकर कुल 75 लाख रुपये की ठगी कर ली थी।अलीगढ़ की साइबर थाना सेल पुलिस ने एएमयू (अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी) से रिटायर्ड महिला प्रोफेसर से डिजिटल अरेस्ट कर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी अमरेश कुमार को बिहार की राजधानी पटना से गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसे पटना जनपद के न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे दो दिन की ट्रांजिट रिमांड लेकर अलीगढ़ लाया गया है।आरोपी के पास ये सामान हुआ बरामदअलीगढ़ की साइबर थाना पुलिस ने आरोपी अमरेश से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, पांच सिम कार्ड, 8 एटीएम कार्ड, 17 चेकबुक, वाईफाई राउटर, 7 क्यूआर कोड, चार मोहर, दो डिजिटल हस्ताक्षर, पैन ड्राइव, खुद के नाम से बने चार फर्म के कागजात, फर्म बनाने के दस्तावेज और 1650 रुपये बरामद किए हैं। महिला प्रोफेसर डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगी की 75 लाख की बड़ी धन राशि को यूपी, तमिलनाडू, आंधप्रदेश, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा के अलग–अलग 21 खातों में ट्रांसफर कराया गया था।इस पूरी घटना में पीड़ित एएमयू से रिटायर्ड महिला प्रोफेसर की मानें तो 28 सितंबर को उनके पास एक फोन आया था। फोन करने वाले ने उनके बैंक खातों से गलत लेनदेन की बात कहते हुए उन्हें डराया। कुछ देर बाद वीडियो कॉल पर मुंबई ईडी का अधिकारी बनकर डराया और कहा कि तुम्हारे खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज हो गया है। बताया कि इस मामले में नरेश गोयल नाम का व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है।

## अलीगढ़ के दादों कस्बे में प्रधान और दबंगों की गुंडई से परेशान होकर वैश्य समाज के लोग पलायन को मजबूर हो गए

अलीगढ़ के दादों कस्बे में प्रधान और दबंगों की गुंडई से परेशान होकर वैश्य समाज के लोग पलायन को मजबूर हो गए हैं। उन्होंने पूरे गांव में मकान बिकाऊ है के पोस्टर लगा दिए हैं। वैश्य समाज के सभी मकानों के बाहर यह पा. `स्टर लगे हैं।पोस्टर में लिखा है कि शगांव में वैश्य समाज के मकान बिकाऊ हैंश। यहां पर धर्मशाला की जमीन को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। वहीं पोस्टर लगने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही राजस्व विभाग की टीम से भी मामले की जांच कराई जा रही है।कोर्ट ने वैश्य समाज के पक्ष में दिया था फैसला दादों कस्बे में वैश्य समाज की धर्मशाला है और इसकी जमीन भी है। इस जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसके बाद वैश्य समाज के हितेश कुमार उर्फ संतोष कुमार ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। हितेश कुमार ने कस्बे के ही जवाहर लाल पुत्र चोखे लाल के खिलाफ कोर्ट में वाद दाखिल किया था। इसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई की थी और हितेश कुमार के पक्ष में फैसला सुनाया था। इसके बाद भी दूसरा पक्ष लगातार गड़बड़ी कर रहा है और अब विवाद काफी बढ़ गया है।मामले की जानकारी होने पर क्षेत्रिय पुलिस अधिकारी और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। अधिकारी दोनों पक्षों से बात कर रहे हैं और शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा गया है। वहीं राजस्व विभाग की टीम से मामले की जांच कराई जा रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।दोषी मिलने पर की जाएगी कार्रवाई सीओ महेश कुमार ने बताया कि कोर्ट इस



मामले में फैसला सुना चुकी है। इसके बाद भी दूसरे पक्ष पर जमीन को प्रधान राजकुमार को बेंचने का आरोप लगा है। राजस्व विभाग की टीम से मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी पक्ष दोषी मिला, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# घने कोहरे के कारण हुए हादसे में तीन लोगों की हुई मौत सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजा

हाथरस कोतवाली सादाबाद क्षेत्र के गांव मिढावली के निकट सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह तीनों वाहन चालक थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया और इनके परिवार को सूचित किया। इन तीनों युवकों की पहचान हो गई है।पुलिस ने तीनों वाहनों को भी वहां से हटवा कर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई। घने कोहरे में इस समय आपस में वाहन टकरा रहे हैं और हादसे हो रहे हैं। घने कोहरे के कारण जमुना एक्सप्रेस वे पर इसी तरह का हादसा हुआ। एक कैंटर दूसरे कैंटर को जंजीर



से बांधकर ले जा रहा था तो इसी दौरान कैंटर में बधी जंजीर टूट गई। इस पर दोनों वाहनों के चालक नीचे उतरकर जंजीर को जोड़ने में लग गए। तभी अचानक घने कोहरे में एक अन्य कैंटर ने इनमें टक्कर मार दी। जिससे ईस भीषण सड़क हादसे में इन दोनों कैंटरों के अलावा जिस केंटर ने टक्कर मारी थी, उस कैंटर चालक की भी मृत्यु हो गई घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तीनों चालकों की पहचान राहुल, रंजीत और तरुण के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके परिवार के लोगों को भी सूचित कर दिया है।

### हाथरस पर वरिष्ठ भाजपा नेता पं अजय रावत के प्रतिष्ठान पर आगमन पर स्वादिष्ट बर्गर ,कॉफी आदि व्यंजनों का स्वाद लिया



आज मा0 अनूप प्रधान जी लोकप्रिय सांसद हाथरस से दा बर्गर कंपनी रावत कॉलोनी हाथरस पर वरिष्ठ भाजपा नेता पं अजय रावत के प्रतिष्ठान पर आगमन पर स्वादिष्ट बर्गर ,कॉफी आदि व्यंजनों का स्वाद लिया और अनूप प्रधान जी ने स्वादिष्ट व्यंजनों की भूरि भूरि प्रशंसा की इस अवसर पर राजनैतिक सन्दर्भ में विस्तार से चर्चा हुई. इस अवसर पर दा बर्गर कंपनी के डायरेक्टर आयुष रावत ने अनूप प्रधान सांसद जी का आभार प्रकट किया इस अवसर पर अनिल जादौन पूर्व जिला मंत्री भाजपा बी एल चौहान आदि उपस्थित थे

**हाथरस** इस समय कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और ऐसे में हृदय और सांस से संबंधित रोगी काफी परेशान हैं। इन बीमारियों से ग्रसित रोगियों की तकलीफें बढ़ गई हैं। जिला अस्पताल, सरकारी एमडीटीबी अस्पताल और प्राइवेट अस्पतालों में ऐसे मरीजों की भीड़ लग रही है।मरीजों में सीने में दर्द, सांस फूलने और ब्लड प्रेशर की समस्या सबसे ज्यादा देखी जा रही है। हार्ट अटैक के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। जिला अस्पताल में हर दिन 150 से ज्यादा मरीज हृदय और सांस संबंधी बीमारियों के साथ इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। सरकारी एमडीटीबी अस्पताल और प्राइवेट अस्पतालों में भी यही स्थिति है।जिला अस्पताल में कोई कार्डियोलॉजिस्ट तैनात नहीं है। ऐसे में फिजिशियन ही इन बीमारियों के मरीजों का उपचार कर रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सर्दी में हृदय और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ठंड की वजह से ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाती हैं, जिससे हृदय पर दबाव बढ़ता है। खासतौर पर बुजुर्ग और हृदय रोगियों को इस मौसम में अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है।

## सपाइयों ने नगर पालिका के ईओ को सौंपा ज्ञापन सभासद से अभद्रता का जताया विरोध, जनसमस्याओं के समाधान की मांग

हाथरस में समाजवादी पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से मिला और उन्हें शहर की जनसमस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में कहा गया कि शहर के मुख्य बाजारों में समय से सफाई नहीं हो रही और गंदगी व्याप्त है, जिससे नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा शहर के कई स्थानों पर जलभराव की समस्या भी जटिल बन चुकी है, जिसे तुरंत दूर किया जाना चाहिए।अव्यवस्था पर जताया गुस्सा सपा प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में यह भी कहा कि शहर में कुछ पुलिया क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं, जिन्हें शीघ्र ठीक किया जाना चाहिए। इसके अलावा, सर्दी से बचाव के लिए मुख्य बा. जारों, चौराहों और जिला अस्पताल समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाए ताकि लोग ठंड से राहत पा सकें। सभासद पर अभद्रता का विरोध प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सपा के एक सभासद के साथ हुई अभद्रता पर भी गुस्सा जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिकाध्यक्ष ने सभासद से कहा था, ष्लाल टोपी वाले यहां से बाहर निकल,ष जो कि अनुचित था। सपा ने इस घटना की शिकायत उच्चाधिकारियों इस ज्ञापन के दौरान जिला उपाध्यक्ष अजय सिक. रवार, टेकपाल कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार, विष्णु कुशवाहा, ललित चौधरी समेत कई प्रमुख नेता मौजूद थे। उन्होंने नगर पा.



लिका प्रशासन से शहर की समस्याओं को शीघ्र सुलझाने की मांग की और इस घटना के खिलाफ उचित कार्रवाई की अपील की।

## हाथरस भगदड़ मामले में जिला मजिस्ट्रेट और SSP 15 जनवरी को अदालत में तलब

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हाथरस में हुई भगदड़ की घटना के मामले में जिले के तत्कालीन जिला



मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को 15 जनवरी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने होकर यह बताने का निर्देश दिया है कि इस घटना के लिए उनकी जवाबदेही क्यों ना तय की जाए। याचिकाकर्ता मंजू देवी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने बुधवार को कहा, "आयोजक अपने लाभ के लिए भोली भाली जनता को बुलाते हैं और समुचित व्यवस्था ना होने के कारण ऐसी घटनाएं होती हैं। पुलिस बल, चिकित्सा आदि की समुचित व्यवस्था है या नहीं, यह देखने की जिम्मेदारी प्रशासन की होती है।"अदालत ने कहा, "पूर्व में भी ऐसी तमाम घटनाएं देखी गई हैं कि ऐसे आयोजन में लाखों गरीब और अनपढ़ लोग श्रद्धा और विश्वास के कारण जुटते हैं और फिर भगदड़ मचने के कारण उनमें से कई की असामयिक मृत्यु हो जाती है।" राज्य सरकार की ओर से पेश अपर शासकीय अधिवक्ता रूपक चौबे ने अदालत को बताया कि आयोजकों ने 80,000 लोगों की भीड़ का अनुमान व्यक्त करते हुए अनुमति मांगी थी, लेकिन आयोजन स्थल पर ढाई लाख लोग एकत्रित हो गए।हाथरस भगदड़ मामला पर सुनवाई उल्लेखनीय है कि दो जुलाई, 2024 को हाथरस जिले के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में सूरजपाल उर्फ भोले बाबा के अनुयायियों द्वारा आयोजित सत्संग में भगदड़ मच गई थी जिसमें 121 लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। इस मामले में पोरा थाना के उप निरीक्षक बृजेश पांडेय की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान याचिकाकर्ता का नाम प्रकाश में आया था। अदालत ने प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ 2025 को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को हा. थरस की घटना से सबक लेते हुए महाकुम्भ के लिए समुचित व्यवस्था कीआवश्यकता रेखांकित की ताकि जानमाल की कोई हानि ना हो। अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि 15 जनवरी को इस मामले को नए सिरे से पेश करने का निर्देश दिया।

## सादाबाद तहसील क्षेत्र के कस्बा सहपऊ में कब्रिस्तान स्थल पर रसिया दंगल को लेकर चल रहे विवाद का प्रशासन और पुलिस ने समाधान कर दिया

सादाबाद तहसील क्षेत्र के कस्बा सहपऊ में कब्रिस्तान स्थल पर रसिया दंगल को लेकर चल रहे विवाद का प्रशासन और पुलिस ने समाधान कर दिया। नए स्थान पर रसिया दंगल आयोजित कर पिछले दिनों से जारी विवाद को खत्म कर दिया गया। विवाद की पृष्ठभूमि सहपऊ निवासी मंजूर अली के निधन के बाद उनके पुत्र शहर काजी आसिफ अली हर साल उनकी याद में रसिया दंगल का आयोजन करते थे। यह आयोजन कस्बे के सार्वजनिक कब्रिस्तान में होता था। समय के साथ शहर काजी ने इस कब्रिस्तान को अपने निजी कब्रिस्तान के रूप में दावा करना शुरू कर दिया और अन्य मुसलमानों की डेड बॉडी को वहां दफनाने से रोक दिया।इससे विवाद तब बढ़ गया जब मोहल्ला पुराना थाना निवासी एक महिला की मौत के बाद उसकी डेड बॉडी को कब्रिस्तान में दफनाने से मना कर दिया गया। यह मामला मारपीट तक पहुंच गया, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतका की बॉडी को वहीं दफनाने की व्यवस्था की।शहर काजी द्वारा 7 जनवरी को कब्रिस्तान स्थल पर रसिया दंगल आयोजित करने की घोषणा के बाद कस्बे के अन्य मुसलमानों ने इसका विरोध किया। उनका कहना था कि वे अपने कब्रिस्तान में रसिया दंगल नहीं होने देंगे। विवाद बढ़ने पर कुछ राजनीतिक हस्तियों ने भी मामले में हस्तक्षेप किया, जिससे तनाव और बढ़ गया। स्थिति बिगड़ने से पहले प्रशासन और पुलिस ने नए स्थल का चयन कर विवाद को सुलझाया। रविवार को नए स्थान पर रसिया दंगल का आयोजन हुआ। आयोजन के दौरान पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

## सादाबाद तहसील क्षेत्र के गांवों में अजगर निकालने का सिलसिला जारी, ग्रामीणों में खौफ व्याप्त

सादाबाद तहसील क्षेत्र के गांवों में अजगर निकालने का सिलसिला जारी है। लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में खौफ व्याप्त है।वन कर्मियों का कहना है कि अजगर, सर्प की तरह किसी को डसता नहीं है। वह छोटे पशु एवं जंगली जानवरों को अपनी चपेट में लेकर उन्हें कसकर लपेटता है और फिर उन्हें निगल जाता है, जिससे आदमी को डरने की जरूरत नहीं है।9 फीट लंबा अजगर निकलने से हड़कंपनगला शेखा गांव में एक खेत में 9 फीट लंबा अजगर निकला। जैसे ही ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी, तो वहां हड़कंप मच गया। तुरंत ही वन विभाग को सूचित किया गया।मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने रेस्क्यू कर अजगर को पकड़ लिया। यह घटना भी सादाबाद तहसील क्षेत्र में अजगर निकलने की लगातार हो रही घटनाओं में एक और कड़ी है।विगत दिनों में सादाबाद तहसील के कई गांवों में अजगर निकलने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इनमें कुरसंडा, मढ़ाका, नगला बिहारी, नगला शेखा और बिसावर जैसे गांव शामिल हैं। इससे पहले खोड़ा गांव में एक अजगर ने एक कुत्ते को अपनी चपेट में ले लिया था। इन घटनाओं ने ग्रामीणों में चिंता और डर का माहौल बना दिया है।वन विभाग का रेस्क्यू अभियान जारीवन विभाग के कर्मियों ने ग्रामीणों को समझाया है कि अजगर किसी को खतरा नहीं पहुंच. ाते और उनका प्राथमिक शिकार छोटे जानवर होते हैं। इसके बावजूद वन कर्मी लगातार रेस्क्यू अभियान चला रहे हैं और ग्रामीणों को सुरक्षित रखने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

## भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार को संविधान गौरव अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार को संविधान गौरव अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी मंत्री डीपी भारती मौजूद रहे।मुख्य अतिथि डीपी भारती ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान गौरव अभियान भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य भारतीय संविधान के मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों का प्रचार–प्रसार करना है। साथ ही, इस अभियान के माध्यम से संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंब. `डकर को श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने बाबा साहेब को एक सच्चा राष्ट्रवादी बताते हुए कहा कि उन्होंने संविधान की आत्मा को परिभाषित कियाकांग्रेस पर निशानामुख्य अतिथि ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक डॉ. अंबेडकर का अपमान किया। उनकी इसी मानसिकता के कारण बाबा साहब को भारत रत्न से सम्मानित होने में वर्षों लग गए और न ही पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में उनका चित्र लगाया जा सका। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रयासों से ही 1990 में डॉ. अंबेडकर को मरणोपरांत भारत रत्न दिया गया।

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौः-8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
**हिन्दी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा